ट्रेड डील पूरी, मसौदे पर मुहर का है बस इंतजार

तकनीकी और कानूनी भाषा को अंतिम रूप देने का काम जारी

नई दिल्ली, 23 अगस्त. भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने रविवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है. अब दोनों देशों के अधिकारी समझौते की कानूनी और तकनीकी भाषा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं. ट्रेड डील में 'तकनीकी भाषा' दरअसल, किसी व्यापार समझौते की मूल सहमति बनने के बाद भी उसे अंतिम रूप देने के लिए कई बारीक पहलुओं को स्पष्ट करना पड़ता है.

उदाहरण के लिए, अगर किसी भारतीय उत्पाद पर अमेरिका टैरिफ कम करने पर सहमत होता है तो अंतिम दस्तावेज में यह साफ करना जरूरी होता है कि किन उत्पादों पर यह छूट लागू होगी, शुल्क कितना होगा और इसे कब से लागू किया जाएगा. ट्रेड डील में इस्तेमाल होने वाले शब्दों का कानूनी अर्थ बेहद महत्वपूर्ण होता है.

उत्पाद और टैरिफ की स्पष्ट परिभाषा

ट्रेड डील में केवल 'स्टील', 'ऑटोमोबाइल' या 'कृषि उत्पाद' लिखना पर्याप्त नहीं होता. संबंधित उत्पादों की सटीक श्रेणी और कई मामलों में उनके कस्टम कोड तक स्पष्ट किए जाते हैं. इसी तरह यह भी तय किया जाता है कि टैरिफ 20 प्रतिशत से घटकर 10 या 5 प्रतिशत होगा अथवा किसी उत्पाद पर शुल्क पूरी तरह समाप्त किया जाएगा.

लागू होने की तारीख और मात्रा भी अहम

समझौते में यह भी तय किया जाता है कि नई टैरिफ दर हस्ताक्षर के तुरंत बाद लागू होगी या किसी निर्धारित तारीख से. यदि शुल्क चरणबद्ध तरीके से कम होना है तो हर चरण की समयसीमा और दर स्पष्ट करनी होती है. कुछ उत्पादों के लिए तय मात्रा तक कम या शून्य शुल्क की व्यवस्था हो सकती है, इसलिए मात्रा सीमा और उसके बाद लागू होने वाले शुल्क का भी उल्लेख जरूरी होता है.

आप ने एथेनॉल पेट्रोल का जताया विरोध

जमशेदपुर, 23 अगस्त. आम आदमी पार्टी ने गाड़ियों के चलने में इथेनॉल के उपयोग का विरोध जताया. सीएच एरिया स्थित गेस्ट हाउस में पार्टी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित झारखंड प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल, सह प्रभारी सुशील कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे. वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार बिना किसी जांच कराए एथेनॉल का उपयोग गाड़ियों में करने लगी है. इथेनॉल निर्माण करने वाली कंपनियों के पास भी इसका जवाब नहीं है.

रूस ने 12 घंटे में 250 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

- **19 क्षेत्रों में एयर डिफेंस किए सक्रिय**

मॉस्को/कीव, 23 अगस्त. रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दोनों देशों के बीच हमले और जवाबी हमले तेज हो गए हैं. रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रविवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के बीच उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने 12 घंटे में यूक्रेन के 250 ड्रोन नष्ट कर दिए.

ये ड्रोन मॉस्को समेत रूस के 19 क्षेत्रों को निशाना बनाकर भेजे गए थे. मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक, पिछले एक सप्ताह में मॉस्को क्षेत्र की ओर 2,600 से अधिक ड्रोन आने की सूचना मिली. इनमें से ज्यादातर को शहर से दूर ही रोक दिया गया, जबकि मॉस्को के आसपास पहुंचने वाले 493 ड्रोन को भी नष्ट करने का दावा किया गया है.

यूक्रेन का भी पलटवार

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि यूक्रेन ने लंबी दूरी के हमलों के जरिए रूस की पर्म तेल रिफाइनरी और वोल्गोग्राद क्षेत्र के मैरिनोवका सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया. इन ठिकानों की दूरी यूक्रेन की सीमा से 1,600 किलोमीटर से अधिक बताई गई है. जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन रूस के भीतर उन ठिकानों को निशाना बनाने की रणनीति जारी रखेगा.

सभी दिशाओं में आगे बढ़ रही रूसी सेना : पुतिन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुताबिक रूसी सेना ने अपनी आक्रामक कार्रवाई तेज कर दी. वहीं, यूक्रेन ने सर्दियों से पहले अपनी ऊर्जा व्यवस्था की सुरक्षा बढ़ा दी है. यूक्रेनी ऊर्जा मंत्री डेनिस शमिहाल के अनुसार ऊर्जा सुविधाओं की सुरक्षा के लिए करीब 785 मिलियन डॉलर आवंटित किए गए हैं और लगभग 200 सुरक्षात्मक संरचनाएं तैयार की जा चुकी हैं.

कंगाल होने की कगार पर बांग्लादेश

- **बांग्लादेश में गहराया ऊर्जा संकट**
- **गैस की कमी से उद्योग बेहाल**

नई दिल्ली, 23 अगस्त. पड़ोसी देश बांग्लादेश इन दिनों अपनी अब तक की सबसे बड़ी और गंभीर ऊर्जा संकट से जूझ रहा है. प्राकृतिक गैस की भारी कमी के कारण देश के बड़े-बड़े कारखाने बंद हो रहे हैं, खेतों के लिए खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों में जंग लग रहा है और आम जनता बिजली की किल्लत व रसोई गैस की भारी कमी से परेशान है.

घरेलू उत्पादन में गिरावट, नई गैस खोज में देरी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण एलएनजी आपूर्ति ठप होने से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. गैस संकट की सबसे बड़ी मार बांग्लादेश के खाद उद्योग पर पड़ी है. देश की ऐतिहासिक और सबसे बड़ी 'आशुगंज फर्टिलाइजर फैक्ट्री' मार्च 2025 से पूरी तरह बंद पड़ी है. जहां कभी रोज 1,000 टन से ज्यादा यूरिया बनता था, वहां अब केवल जंग लगे ढांचे बचे हैं. आशुगंज समेत देश के 6 प्रमुख यूरिया कारखाने या तो पूरी तरह बंद हो चुके हैं या क्षमता से बहुत कम पर काम कर रहे हैं. इससे 17 करोड़ की आबादी वाले इस देश के कृषि क्षेत्र और खाद्य सुरक्षा पर सीधा खतरा पैदा हो गया है. बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रेडीमेड गारमेंट्स निर्यातक है, जो उसके कुल निर्यात राजस्व का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है.

बंगाल में डिफेंस बूम!

3,400 करोड़ की 5 परियोजनाओं से बदलेगी तस्वीर

कोलकाता, 23 अगस्त. पश्चिम बंगाल में रक्षा उत्पादन और शिपबिल्डिंग को नई गति देने के लिए केंद्र सरकार ने करीब 3,400 करोड़ की पांच परियोजनाओं की शुरुआत की है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कोलकाता में इन योजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास किया.

परियोजनाएं गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड तथा यंत्र इंडिया लिमिटेड से जुड़ी हैं. इनका फोकस जहाज निर्माण, भारी विनिर्माण, उन्नत फोर्जिंग और रक्षा उपकरणों के लिए जरूरी रणनीतिक घटकों की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने पर है.

कोलकाता से इशापुर तक रक्षा क्षमता बढ़ाने की तैयारी: समारोह के दौरान हावड़ा स्थित टिंबर पोंड शिपबिल्डिंग फैसिलिटी, दामोदर शिपबिल्डिंग फैसिलिटी और रायचक शिपयार्ड से जुड़ी योजनाओं की शुरुआत की गई. इन पहलों का उद्देश्य देश में जहाज बनाने की क्षमता को विस्तारित करना और आधुनिक उत्पादन ढांचा तैयार करना है. इसके साथ ही इशापुर की मेटल एंड स्टील फैक्ट्री में यंत्र इंडिया लिमिटेड की दो महत्वपूर्ण विनिर्माण परियोजनाओं की नींव रखी गई. इनमें 3,000 टन क्षमता वाला हाइड्रोलिक ओपन डाई फोर्जिंग प्रेस और रेडियल फोर्जिंग प्लांट शामिल हैं. इन सुविधाओं से उन्नत हथियार प्रणालियों में इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलने की उम्मीद है.

घर से गुस्से में निकली थी बेटी, अगले दिन मिला शव

- **राकां विधायक रोहित पवार के पीए की बेटी की मौत**

मुंबई, 23 अगस्त. महाराष्ट्र के पुणे जिले में रविवार को बारामती से एनसीपी के विधायक रोहित पवार के निजी सहायक की बेटी का शव मिला है. स्थानीय पुलिस ने इसकी जानकारी दी है. अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि यह हत्या है या आत्महत्या. पुलिस ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और हर पहलू से इसकी पड़ताल की जा रही है. इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि शव रोहित पवार के पर्सनल असिस्टेंट अजीत दशावतारे की बेटी की ही है. शनिवार को घर से गुस्से में निकलने से पहले लड़की की अपनी मां से किसी बात पर मामूली बहस हुई थी. जब वह वापस नहीं लौटी तो उसके परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई.

ट्रंप के बॉलरूम में बंकर, अस्पताल और भी...

400 मिलियन डॉलर प्रोजेक्ट पर काम की इजाजत

वॉशिंगटन, 23 अगस्त. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को फिलहाल व्हाइट हाउस बॉलरूम का निर्माण जारी रखने की इजाजत दे दी है.

कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिससे ज्यादातर काम रुक जाता. इस योजना में जमीन के ऊपर एक बॉलरूम और जमीन के नीचे एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बनाना शामिल है. ट्रंप ने कहा है कि जमीन के नीचे वाले हिस्से में बम शेल्टर, मेडिकल सुविधाएं और ड्रोन व मिसाइल से सुरक्षा का इंतजाम होगा. सिर्फ जमीन के ऊपर बनने वाला बॉलरूम ही 90,000 स्क्वायर फीट में फैला है. जस्टिस डिपार्टमेंट ने 14 अगस्त को कोर्ट में दाखिल एक दस्तावेज में बताया कि ईस्ट विंग का पूरा प्रोजेक्ट 65 प्रतिशत पूरा हो चुका है. जिस ईस्ट विंग को तोड़ा गया था उसमें फर्स्ट लेडी का ऑफिस और व्हाइट हाउस का मूवी थिएटर हुआ करता था.

प्रोजेक्ट को जोड़ा राष्ट्रीय हितों से : जस्टिस डिपार्टमेंट के वकीलों ने अपनी अपील में तर्क दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह प्रोजेक्ट जरूरी है. उन्होंने ट्रंप पर पहले हुए जानलेवा हमलों और अन्य खतरों का जिक्र किया. उन्होंने इस मामले को एक असाधारण और गैर-कानूनी आदेश से जुड़ा बताया, जिससे इंटीग्रेटेड मिलिट्री कॉम्प्लेक्स का चल रहा निर्माण कार्य रुक जाएगा.

समृद्ध मध्यप्रदेश @2047

केन्द्रीय संस्थानों का सम्मेलन

"एक संस्थान - एक संकल्प"

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

24 अगस्त, 2026

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

समृद्ध मध्यप्रदेश

मजबूत साझेदारी

राष्ट्रीय संस्थानों की शोध क्षमता, तकनीकी विशेषज्ञता, अवसंरचना, कुशल मानव संसाधन और नवाचार तंत्र का प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं के लिए प्रभावी प्रयोग।

एक संस्थान एक संकल्प

प्रत्येक सहभागी संस्थान मध्यप्रदेश के लिए एक सार्थक और क्रियान्वयन योग्य 'संकल्प' की पहचान कर शोध, नवाचार, क्षमता निर्माण, तकनीक हस्तांतरण और नीतिगत सहयोग को गति देगा।

राज्य की जरूरतों और संस्थानों की विशेषज्ञता का समन्वय

राज्य सरकार के विभाग एवं संस्थान अपनी प्राथमिकताएं और विकास संबंधी चुनौतियां सीधे सहभागी संस्थानों के समक्ष रखेंगे।

नॉलेज रिपोजिटरी पोर्टल

संसाधनों एवं ज्ञान के परस्पर आदान-प्रदान हेतु पोर्टल का निर्माण

भविष्य के क्षेत्रों की पहचान

नए एवं उभरते क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की विकास संभावनाओं एवं Deep-Tech Innovation, स्वदेशी तकनीक और Innovation-led Industrial Development पर मंथन।

कौशल और उद्योग से जुड़ी शिक्षा

अनुभव और उद्योग से जुड़ा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार होगा।

साझेदारी को ठोस सबूत

Conclave से उभरने वाली साझेदारियों को MoUs, Joint Research, Internships, Faculty Exchange, Centres of Excellence, Start-up एवं Innovation Initiatives के माध्यम से आगे बढ़ाया जायेगा।

सहभागी संस्थान

Agriculture, Forestry & Rural Development
IIFM Bhopal, CIAE Bhopal, IARI Indore, TFRI Jabalpur, FMTTI Budni, NSRI Indore, IISS Bhopal, DWR Jabalpur.

Energy, Industry & Infrastructure
BHEL Bhopal, HCL Malanjkhand, IOCL Bhopal, NTPC Singrauli, Security Paper Mill Narmadapuram, BPCL Bina, PGCIL Bhopal, CIL-NCL Singrauli, MOIL, LIC, Bank Note Press Dewas.

Technology, Engineering & Scientific Research
IIT Indore, MANIT Bhopal, IISER Bhopal, NITTTR Bhopal, IIITDM Jabalpur, ABV-IIITM Gwalior, IIIT Bhopal, AMPRI Bhopal, RRCAT Indore, CIPET Bhopal, UGC-DAE CSR Indore.

Health, Medical & Human Development
AIIMS Bhopal, NIMHR Sehore, NIRTH Jabalpur, NIREH Bhopal, BMHRC Bhopal.

Defence, Security & Strategic Institutions
DRDE-DRDO Gwalior, MCTE Mhow, Army War College Mhow, Infantry School Mhow, XXI Corps Bhopal, NFSU Bhopal, NJA Bhopal, ISRO-MCF Bhopal, Vehicle Factory Jabalpur.

Management, Education & Skill Development
IIM Indore, PSSCIVE Bhopal, SPA Bhopal, RIE Bhopal, IITTM Gwalior, NPTI Shivpuri, Central Sanskrit University Bhopal.

Design, Fashion & Culture
NID Bhopal, NIFT Bhopal, FDDI Chhindwara, IGRMS Bhopal.

Tribal Development & Sports
IGNTU Amarkantak, LNIPE Gwalior, SAI Bhopal.

जुड़िये, नये मध्यप्रदेश से अनुभव करने के लिए QR को स्कैन करें

D11090/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकस्मिक : अप्रैल/2026

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, मध्यप्रदेश शासन